'मेरे सपनों का भारत: आत्मनिर्भर भारत' पर राष्ट्रीय कार्यशाला

सुबोध टाइम्स

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की उपलब्धियां

द्विमासिक पत्रिका | जयपुर, अक्टूबर 2021 | • पृष्ठ : 4 • अंक : 05 | महाविद्यालय प्रसार हेतु

प्राचार्य संदेश

➲ प्रो. के.बी. शर्मा
प्राचार्य, एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. महाविद्यालय

देश और दुनिया के लिए गत वर्ष स्वास्थ्य की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण रहा है। कोरोना महामारी के कारण देश-दुनिया की अधिकांश शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक गतिविधियां बाधित रही हैं। लोगों ने सावधानीपूर्वक, बड़े ही धैर्य के साथ इस संकटकाल को पार किया है, जहां एक ओर पूरा विश्व अवसाद और भय से ग्रसित था तो वहीं, दूसरी और भारतीय संस्कृति और प्राचीन जीवनशैली को प्रमाणिकता की कसौटी पर कसा गया और उसे एक नई पहचान मिली। कोरोना महामारी का यह काल देशवासियों के लिए अनेक अवसर लेकर आया आवश्यकता आविष्कार की जननी है का कथन इस कोरोना काल में चरितार्थ सिद्ध हुआ।

हमारे देश के वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम एवं शोध के कारण ही कोरोना की वैक्सीन का अविष्कार कर लिया गया और सम्पूर्ण देश में टीकाकरण का अभियान भी शुरू किया गया है। हमारे लिए हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय को कोरोना वैक्सीनेशन का सेंटर बनाया गया तथा 1000 से अधिक व्यक्तियों को कोरोना के टीके लगाये गये। महाविद्यालय द्वारा जरूरतमंद लोगों को मास्क, सेनेटाइजर व खाद्य सामग्री भी वितरित की गई।

महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने आपदा में अवसर युक्ति को चरितार्थ करते हुए अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार, फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम व वर्कशॉप का ऑनलाइन आयोजन करने के साथ ही अन्य सेमीनार, कांफ्रेंस व वेबीनार में अपनी सहभागिता दर्ज की तथा 160 से अधिक शोध पत्र प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किये। महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, अधिकारियों व विद्यार्थियों ने बड़े ही धैर्यपूर्वक कोरोना काल का सामना किया। कोरोनाकाल में शैक्षणिक कार्य पूर्णरूप से ऑनलाइन माध्यम से हुआ। यद्यपि संस्थान में चरणबद्ध तरीके से विद्यार्थियों का आगमन शुरू हो चुका है। जिसके फलस्वरूप संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ हो चुकी हैं। अंत में संस्थान के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों से आह्वान करना चाहूंगा कि वे शिक्षण एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करें। जिससे समाज प्रत्यक्ष रूप से लाभांवित हो।

प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा को रॉयल राजस्थान अवार्ड

जयपुर। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. के.बी.शर्मा को आईबीसीसी संगठन द्वारा 'रॉयल राजस्थान अवार्ड, 2020' से सम्मानित किया गया हैं। उन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 20 फरवरी 2021 को दिया गया।

चेतना का अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा के लिए चयन

जयपुर। कॉलेज की पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा चेतना शर्मा का दा यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉयस, शिकागो में मास्टर ऑफ साइंस बिजनेस एनालिटिक सीएस प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है। चेतना को विश्वविद्यालय की ओर से छात्रवृति भी दी जाएगी।

एनआईआरएफ में सुबोध कॉलेज की 81वीं रैंक

सुबोध शिक्षा समिति द्वारा संचालित रामबाग सर्किल स्थित एस.एस.जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा नेशनल इंस्टीटयूशन रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की जारी रैंकिंग में 81वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.के.बी. शर्मा ने कहा कि राजस्थान में टॉप 100 में कॉलेज श्रेणी में आने वाला एक मात्र महाविद्यालय सुबोध महाविद्यालय है। यह रैंकिंग टीचिंग लर्निंग रिसोर्सेस, रिसर्च एण्ड प्रोफेशनल प्रैक्टिस, आउटरीच, ग्रेजुएशन आउट कम, आउटरीच एण्ड इन्क्लूसिव, पीयरपरसेपशन सहित कई पैरामीटर्स के विस्तृत आधार पर तैयार की जाती है। इसमें राजस्थान से एकमात्र निजी महाविद्यालय सुबोध कॉलेज द्वारा इस स्थान को पाना गौरव की बात है।

सुबोध महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सदैव संकाय सदस्यों को अनुसंधान और शैक्षणिक गुणवत्ता को बढाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहा है। संस्था का उद्देश्य अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ साथ विद्यार्थियों को मूल्यपरक शिक्षा प्रदान कर उनमें कौशल का विकास कर जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

सुबोध शिक्षा समिति के निर्देशन में संचालित 19 संस्थाओं में से एक सुबोध महाविद्यालय ने 68 वर्षों के दौरान निरंतर नये कीर्तिमानों को छुआ है। यह राजस्थान का ही नहीं बल्कि उत्तर भारत के विशिष्ट एवं प्रख्यात शिक्षण संस्थानों में से एक बहुसंकायिक महाविद्यालय है। महाविद्यालय में वर्तमान में 16 संकायों में स्नातक पाठ्यक्रम, 22 संकायों में स्नातकोत्तर पाठयक्रम, 12 विषयों में पीएचडी. कार्यक्रम संचालित है। महाविद्यालय में लगभग 11000 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। एनआरआईएफ द्वारा महाविद्यालय को 'कॉलेज विद् पोटेंशियल फॉर एक्सीलेन्स' से दो बार दर्जा प्राप्त है। यूजीसी ने कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा दिया है। महाविद्यालय को स्वायत्तशासी दर्जा प्राप्त होना और नेक-

यूजीसी द्वारा 3.82 सीजीपीए के साथ A++ ग्रेड मिलना इसकी गौरव गाथा के अन्य मील के पत्थर हैं।

इसे डीबीटी स्टार कॉलेज का दर्जा मिला तथा NIRF रैंकिंग में 81वाँ स्थान मिलना अकादमिक श्रेष्ठता के परिचय देता है। महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा भी उत्कृष्ठ कार्य हेतु गत वर्ष राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय अपनी उत्कृष्टता एवं नवाचार के क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। महाविद्यालय में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, विचार गोष्ठियाँ, भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति से युक्त परिचर्चा, विषय विशेष के व्याख्यान, खेलकूद, एवं तकनीकी कार्यशालाओं के आयोजन महाविद्यालय की गरिमा में अभिवृद्धि के द्योतक हैं।

सुबोध पीजी महाविद्यालय ने अखिल भारतीय रैंक प्राप्त किया और एज्युकेशन वर्ल्ड मैगजीन द्वारा शिक्षा द्वारा ग्रैंड जूरी पुरस्कार प्राप्त किया। 2020-21 सत्रों के लिए हाल में हमारे कॉलेज एज्युकेशन वर्ल्ड मैगजीन में सम्पूर्ण भारतवर्ष में 18वां स्थान, द विंक मैगजीन में विज्ञान संकाय में 28वाँ, वाणिज्य में 24वाँ तथा कला में 33वाँ स्थान प्राप्त किया। इण्डिया टुडे मैगजीन द्वारा जारी रैंकिंग में बीसीए में 30वां, बीबीए में 34वाँ, विज्ञान में 43वाँ, वाणिज्य में 47वाँ व कला संकाय में 44वाँ स्थान प्राप्त किया है। राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

सुबोध शिक्षा समिति के मानद् मंत्री श्री सुमेर सिंह बोथरा, संयुक्त सचिव श्री विनोद लोढ़ा, महाविद्यालय के संयोजक श्री विनयचंद डागा ने इस उपलब्धि का श्रेय कॉलेज के प्रतिभाशाली प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा, टीम रैंकिंग समिति संयोजक डॉ. विक्रम जैन व उनकी टीम, संकाय सदस्यों, सभी शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों को दिया।

महाविद्यालय के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुये प्रो. के.बी. शर्मा ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हालांकि कोविड-19 महामारी की वजह से अनेक चुनौतियां हमारे सामने थी, लेकिन फिर भी कॉलेज ने रैंकिंग में अपना स्थान सुनिश्चित किया और राजस्थान में कॉलेज श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

1000 से ज्यादा लोगों का नि:शुल्क वैक्सीनेशन

जयपुर। एसएस जैन सुबोध शिक्षा समिति, जयपुर के तहत कॉलेज में राज्य सरकार के सौजन्य से 22 जून-2021 को कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व सदस्य अर्चना शर्मा ने किया। इस अवसर पर मानद सचिव एसएस बोथरा, उपाध्यक्ष आरसी जैन, संयुक्त सचिव विनोद लोढ़ा, संजीव कोठारी, आलोक कुमार बंब और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

इस नेक काम के लिए समिति की मदद करने के लिए अर्चना शर्मा को धन्यवाद दिया। शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु के 1000 से अधिक लोगों का टीकाकरण किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केबी शर्मा ने कहा कि समिति के निरंतर प्रयासों से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होंगे।

डॉ. नीलकमल

डॉ. बी.पी. शर्मा

डॉ. अंशुल शर्मा

सुबोध के तीन प्रोफेसर्स आरयू के बीओएस सदस्य बने

जयपुर। सुबोध पीजी कॉलेज के तीन प्रोफेसर्स राजस्थान विश्वविद्यालय में सम्पन्न बोर्ड ऑफ स्टडीज (बीओएस) के चुनाव में विजयी रहे हैं। कॉमर्स एण्ड आर्टस महाविद्यालय के प्रभारी डॉ. नीलकमल पुरोहित राजस्थान विश्वविद्यालय के लेखांकन एवं व्यवसायिक सांख्यिकी विभाग के बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्य निर्वाचित हुए। इसी तरह सुबोध कॉलेज भूगोल शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी.पी. शर्मा राजस्थान विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्य चुने गए हैं। साथ ही इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंशुल शर्मा भी राजस्थान विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्य बने हैं। तीनों का कार्यकाल 2021 से 2024 तक रहेगा।

एनएसएस का सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर सम्पन्न

जयपुर। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना का 20 से 26 मार्च-2021 तक राष्ट्रीय एकता शिविर एसएस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय द्वारा सुबोध कॉलेज ग्लोबल एक्सीलेंस, सीतापुरा जयपुर में आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने बताया कि उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रो. राजीव जैन, विशिष्ट अतिथि राजस्थान सचिवालय के एसएलओ डॉ. धर्मेंद्र सिंह, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान के स्टेट कॉ-ऑर्डिनेटर डॉ. बने सिंह थे। अध्यक्षता एनएसएस राजस्थान के रीजनल डायरेक्टर एवं कैंप डायरेक्टर एसपी भटनागर ने की। इसमें देशभर के 14 राज्यों के 200 स्वयंसेवकों व 10 टीम लीडर्स ने भाग लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता एसपी भटनागर ने की। कैंप के संयोजक डॉ. विशाल गौतम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

'मानव स्वास्थ्य पर कोविड-19 की गूंज' पर ऑनलाइन सम्मेलन

जयपुर। नेशनल एकेडमी ऑफ सांइसेस, राजस्थान चेप्टर, इंडियन सोसाइटी फॉर द स्टडीज ऑफ रीप्रोडेक्शन एण्ड फर्टिलिटी तथा कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 11 व 12 अगस्त-2021 को अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय 'मानव स्वास्थ्य पर कोविड-19 की गूंजः वर्तमान और भविष्य चिकित्सीय परिदृश्य' था। उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व डीजी-आईसीएमआर डॉ. वीएम कटोच थे। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस एक त्रासदी के रूप में सामने आया है। पूरी दुनिया में करोड़ों लोग प्रभावित हुए। इस महामारी का मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभाव के साथ ही सामाजिक दुष्प्रभाव भी पड़ा।

सुबोध महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

जयपुर। महाविद्यालय में 28 फरवरी, 2021 को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. पी.एस. वर्मा, पूर्व अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर ने कहा कि अगर हममें जिज्ञासा हो तो, दुनिया की कोई ताकत आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। अतः हमें जिज्ञासा पूर्ति हेतु नये-नये शोध, अनुसंधान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस विज्ञान दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच विज्ञान के प्रति जागरूकता पैदा करना है ताकि उनमें वैज्ञानिक अनुसंधानों के प्रति रूचि जाग्रत हो सके और वे नित नये अनुसंधान, शोध करके ज्ञान अर्जन कर सके आविष्कार कर सकें।

उद्घाटन सत्र की मुख्य वक्ता प्रो. रीना माथुर, प्रोफेसर, जीव विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने वर्तमान में विज्ञान में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. एस.एल. कोठारी, उपाध्यक्ष, अमेटी यूनिवर्सिटी, जयपुर ने कहा कि आज हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया की तीसरी बड़ी ताकत बनने के लिए प्रयासरत है, मगर यह तभी संभव है जब हम सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनते हुये, विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्रों में निरन्तर कार्य करें।

कार्यक्रम में सुबोध महाविद्यालय संयोजक विनयचन्द डागा ने विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि विज्ञान दिवस का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक तक वैज्ञानिक अनुसंधानों को पहुंचाना है।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने कहा कि विज्ञान मानव जगत के लिये वरदान है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस विज्ञान दिवस-2021 की थीम 'फ्यूचर ऑफ एसटीआई- इम्पैक्ट ऑन एज्युकेशन, स्किल्स एण्ड हार्डवर्क' है। इस दौरान सुबोध महाविद्यालय एवं फर्स्ट फाउण्डेशन ऑफ क्लब फर्स्ट रोबोटिक्स के मध्य एमओयू भी हुआ। विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों के लिये वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, शॉर्ट फिल्म मेकिंग, वर्किंग-नॉनवर्किंग मॉडल, पोस्टर प्रदर्शनी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। अन्त में संयोजिका डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने सभी का आभार प्रकट किया।

सुबोध कॉलेज के आठ स्टूडेंटस का आरएएस में चयन

अर्मित लाल मीना

हर्ष महावर


कुलदीप बारहठ

नितेश कुमार जैन

राजेंद्र गुर्जर

जयपुर। सुबोध पीजी कॉलेज के आठ स्टूडेंटस ने आरएएस-2018 परीक्षा में चयनित होकर संस्थान को प्रतिष्ठा और गौरव दिलाया है। इस सफलता पर प्राचार्य डॉ. के.बी. शर्मा ने कहा कि सुबोध की सफलता की यात्रा में यह एक और मील का पत्थर है। इसलिए शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ावा देने का हमारा प्रयास उसी उत्साह के साथ जारी रहेगा। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन व फैकल्टी मैंबर्स ने चयनित स्टूडेंटस को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। प्राचार्य डॉ. के.बी. शर्मा ने बताया कि बी.ए बैच 2009 के स्टूडेंट निरंजन सिंह राठौड़ ने आरएएसएस में 483 रैंक, बी.ए. बैच 2014 के कुलदीप बारहठ ने आरएएस रैंक 136, एम.ए इतिहास बैच 2015 के अर्मित लाल मीना ने आरएएस एसटी वर्ग में 50 वीं रैंक, बीएससी मैथ्स बैच-2017 के नितेश कुमार जैन ने आरएएस में 357 वीं रैंक, बीएससी मैथ्स बैच-2018 के हर्ष महावर ने आरएएस रैंक 1309 तथा बीए बैच 2016 के राजेंद्र गुर्जर ने आरएएस परीक्षा में 183 वीं रैंक हासिल की है। इसी तरह कॉलेज से भूगोल विषय में स्नातकोतर की छात्रा रही झुंझनुं जिले के गांव बुडानियों की ढाणी निवासी दुर्गेश कुमारी का आरएएस में चयन हुआ है।

आरएएस परीक्षा 2018 में दुर्गेश कुमारी ने ओबीसी महिला वर्ग में 107 वीं तथा ओवरऑल 765 वीं रैंक हासिल की है। साल 2019 में दुर्गेश कुमारी ने कॉलेज से भूगोल विषय में पीजी किया है।

सम्मान

कोरोना वॉरियर डॉ. सुरेंद्र शर्मा का सम्मान

जयपुर। रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा ने कोरोना वॉरियर्स के रूप में श्यामनगर क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य किया। इस कार्य की श्रेष्ठता को मद्देनजर दी ऑल इण्डिया हुमन राइट सैल्यूट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शेर सिंह बघेल ने 2 नवंबर-2020 को प्रशस्ति पत्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

रोवर लीडर डॉ. पवन शर्मा सम्मानित

जयपुर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड स्थानीय संघ, जयपुर का वार्षिक अधिवेशन 31 जुलाई-2021 को आयोजित किया गया। इसमें सुबोध कॉलेज के रोवर लीडर डॉ. पवन शर्मा को कोरोना महामारी के दौरान प्रदान किए गए विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए प्रस्थित पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. ऋचा सिंघल राज्यपाल से सम्मानित

जयपुर। ईएएफएम विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. ऋचा सिंघल को अर्थशास्त्र श्रेणी में आईसीएआई इंटरनेशनल रिसर्च अवार्ड्स-2021 से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान रांची में आयोजित समारोह के दौरान झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रेड रिबन क्लब राज्य स्तर पर सम्मानित

जयपुर। कॉलेज के रेड रिबन क्लब की टीम को 18 मार्च-2021 को उदयपुर में एमएलएसयू, के कुलपति डॉ. नरेंद्र राठौड़ द्वारा राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार डॉ. प्रीति श्रीवास्तव और डॉ. शाजिया के. जमाल ने प्राप्त किया।

एमसीए की टॉप इंस्टीटयूट में सुबोध कॉलेज

जयपुर। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा ने गुणवत्ता सूचकांक मूल्य (क्यूआईवी) के आधार पर शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए कैटगरी A में एस.एस. जैन सुबोध पीजी कॉलेज के एमसीए इंस्टीट्यूट को फर्स्ट रैंक प्रदान की है। सुबोध कॉलेज को QIV स्कोर 1000 में से 937 अंक हासिल किए हैं।

योग से स्वयं को स्वस्थ एंव तनावमुक्त रखें

जयपुर। विश्व योग दिवस पर एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. कॉलेज द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन 21 जून, 2021 को किया गया। बेवीनार कोविड-19 के दौरान 'Yoga as a Health and Career Tools' विषय पर आयोजित की गई।

वेबिनार के शुभारंभ अवसर पर संस्था प्रधान प्रो. के.बी. शर्मा ने बताया कि इस वेबीनार का आयोजन कॉलेज की एन.एस.एस. इकाईयों के द्वारा किया जा रहा है। इसमें देश विदेश के 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें दुबई, सिंगापुर, नेपाल, नाइजीरिया, श्रीलंका, यू.एस., तेनजानिया आदि स्थानों से प्रतिभागियों ने वेबीनार में भाग लिया। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में कोविड-19 महामारी की तनावग्रस्त परिस्थिति में योग के माध्यम से स्वयं को किस प्रकार स्वस्थ रखा जा सकता है एवं कैसे योग की एक कैरियर के रूप में अपनाया जा सकता है।

वेबिनार संयोजक डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कोराना काल में महाविद्यालय की एन.एस.एस. की ईकाइयों के द्वारा किये गये कार्यो का विवरण देते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग के महत्व के बारे में बताया। क्षेत्रीय निदेशक एन.एस.एस. एस.पी. भटनागर ने बताया कि वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व अस्त-व्यस्त हो गया है। इस परिस्थिति में योग के द्वारा हम स्वयं को स्वस्थ एवं तनावमुक्त रखते हुए सामान्य जीवन व्यतीत कर सकते हैं तथा योग को एक पेशे के रूप में भी अपना सकते हैं। वेबिनार के मुख्य वक्ता योगाचार्य सुश्री प्रिया व्यास एवं रामनिरंजन शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे योग के द्वारा अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। किस किस प्रकार के योग किन किन व्यक्तियों द्वारा किये जा सकते हैं। इन्होंने बताया कि योग को अपनाकर किस प्रकार एक व्यक्ति बिना एलोपैथी व अन्य दवाओं के स्वयं को स्वस्थ रख सकता है। साथ ही बताया कि योग को किस प्रकार कैरियर के रूप में भी अपनाया जा सकता है। अंत में वेबिनार सचिव डॉ. मुकेशचन्द शर्मा ने सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वेबिनार का संचालन डॉ. ऋचा सिंघल ने किया। राष्ट्रगान के साथ वेबिनार का समापन हुआ।

वैज्ञानिक चिन्तन से ही राष्ट्र का विकास सम्भव: प्रो. एमएस मारवाह

जयपुर। विज्ञान के नये आयामों में भविष्य तलाशकर देश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ाया जा सकता है। यह कहना था प्रो. एम.एस. मारवाह, अध्यक्ष, आई.ए.पी.टी., पंजाब का। वे महाविद्यालय में Science through Experiments विषय पर 22 व 23 फरवरी-2021 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच को हमें अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। जिससे रचनात्मक क्षमता का विकास हो तथा नित नये आयाम गढ़े जा सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वाई.के. विजय, अध्यक्ष, आई.ए.पी.टी., राजस्थान ने कहा कि हम विज्ञान के प्रयोगों के द्वारा और अधिक गहराई से जान सकते हैं। डॉ. रश्मि रानीवाला, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विज्ञान, राजस्थान विश्वविद्यालय ने कहा कि विज्ञान को समझने के लिये प्रयोग अत्यन्त आवश्यक है। साथ ही विद्यार्थियों में अधिक से अधिक विषय की जानकारी प्राप्त करने की जिज्ञासा होनी चाहिये। प्रो. बी.एम. दास, कोलकता, डॉ. लक्ष्मीकान्त, पीलीभीत आदि विषय-विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को अपने व्याख्यानों से लाभान्वित किया। उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय उपाचार्या डॉ. अल्पना सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत करते हुये दैनिक जीवन में विज्ञान महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अन्त में कार्यशाला संयोजक डॉ. बलराम त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया। कार्यशाला में 300 शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

'मेरे सपनों का भारत: आत्मनिर्भर भारत' पर राष्ट्रीय कार्यशाला

जयपुर। महाविद्यालय में 12-13 फरवरी 2021 से दो दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आरम्भ हुआ। 'मेरे सपनों का भारतः आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आयोजित इस दो दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ. आलोक त्रिपाठी Vice Chancellor, Sardar Patel University of Police Security and Criminal Justice, Jodhpur ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान इस वैश्विक कोरोना महामारी के समय देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए चलाया गया एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत योजना की अवधारणा से अवगत कराते हुये कहा कि इस कठिन समय में देश अपनी जरूरत की अधिकांश वस्तुओं को अपने स्व-रोजगार के माध्यम से बनाकर आत्मनिर्भर बन सकता है। जिससे हमें किसी भी वस्तु की आवश्यकता होने पर किसी अन्य देश पर आश्रित न होना पड़े। कार्यशाला को संबोधित करते हुये कर्नल ए.के.एस. पिल्लई Additional Director DIITM, HQ DRDO New Delhi ने कहा कि कोरोनाकाल में डी.आर.डी.ओ. ने अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने इस दौरान पी.पी.ई. किट, हैण्ड सेनेटाइजर, मास्क, वेन्टीलेटर इत्यादि का निर्माण किया तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने की ओर कदम बढ़ाये।

प्रारम्भ में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये आत्मनिर्भर भारत अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोकल को वोकल बनाएँ और अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं को अपनायें जिससे इस संकट के दौर में देश आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो सके। कार्यशाला को प्रो. राजेश गुप्ता, MNIT, Prayagraj एवं भक्ति शर्मा Sarpanch, Barkhedi Abdullah, Bhopal ने भी सम्बोधित किया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, मेडिसिन, बायोफील्ड आदि विषयों पर ऑनलाइन पोस्टर प्रदर्शित किये। कार्यशाला की संयोजिका डॉ. अनु मल्होत्रा ने सभी का आभार प्रकट किया।

प्राणी शास्त्र तथा ईवीएस विभाग के स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

जयपुर। कॉलेज के प्राणी शास्त्र तथा ईवीएस विभाग के 60 विद्यार्थी बस द्वारा रणथम्भौर की शैक्षणिक यात्रा के लिए गए। यह शैक्षणिक यात्रा डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. दीपिका मिश्रा, डॉ यशोदा सैनी, डॉ. शाजिया जमाल के दिशा-निर्देश में हुई। वहां विद्यार्थियों ने गढ़ गणेश मंदिर के दर्शन किए। तत्पश्चात सफारी के दौरान चीता बाघ, हिरण, नीलगाय, बंगाल टाइगर, बंदर, भारतीय तेंदुआ, चीतल और कई प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों का अन्वेषण किया गया। इसी तरह 10 मार्च-2021 को प्राणी शास्त्र तथा Evs विभाग के 60 विद्यार्थियों ने झालाना क्षेत्र में शैक्षणिक यात्रा की। डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. शिप्रा शर्मा, डॉ. दीपिका मिश्रा, डॉ. यशोदा सैनी के दिशा-निर्देश मे यह यात्रा संपन्न हुई। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान कराना, जीव जंतुओं तथा प्रकृति के प्रति रुचि और प्रेरणा को प्रोत्साहित करना था।

'मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन' पर ई-जागरूकता कार्यक्रम

जयपुर। कॉलेज की रेंजर यूनिट ने मासिक धर्म स्वच्छता दिवस-2021 के अवसर पर 'मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन' पर 28 मई-2021 को ई-जागरूकता कार्यक्रम हुआ। डॉ ऋचा सिंघल ने सुश्री अंबिका वारियर, आनंदा केंद्र की संस्थापक, परामर्श मनोवैज्ञानिक और चिकित्सक का साक्षात्कार लिया। उन्होंने मासिक धर्म के दौरान लडकी के मनोविज्ञान पर परामर्श किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. विभा चतुर्वेदी ने कहा मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता को अपनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में करीब 600 लड़कियों ने भाग लिया।

वनस्पति विज्ञान विभाग ने आयोजित किया वृक्षारोपण दिवस

जयपुर। सुबोध कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण दिवस का आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स पर विभाग के स्टाफ ने पौधे रोपित किए। इस दौरान पौधों को छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया जो उनके पाठ्यक्रम के families से संबंधित है।

पक्षियों के लिए कॉलेज में लगाए परिंडे

जयपुर। ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए कॉलेज परिसर में 51 परिंडे लगाए गए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के.बी. शर्मा ने परिंडा अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने जीव रक्षा का महत्व बताते हुए इस तरह की गतिविधियों में युवाओं को इसमें अपनी भागेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए। इसमें एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंशुल शर्मा, डॉ. मुकेशचंद शर्मा, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. विशाल गौतम, डॉ. रिचा सिंघल, डॉ. बाबुलाल शर्मा, एनसीसी अधिकारी डॉ. हरभजन सिंह, रोवर लीडर डॉ. पवन शर्मा ने भाग लिया।

स्टूडेंटस ने किया कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण

जयपुर। कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के स्टूडेंटस ने 25 फरवरी 2021 को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर में एक दिवसीय शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया। इसमें बीएससी के पांचवीं सेमेस्टर और एमएससी (वनस्पति विज्ञान) थर्ड सेमेस्टर के कुल 43 स्टूडेंटस शामिल थे। तीन संकाय सदस्यों डॉ. मीरा गुप्ता, डॉ. राजेंद्र सैनी और डॉ. पूनम चौधरी की देखरेख में विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया गया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य खेती की तकनीकों की पहचान करना और किसान अपने दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के दौरान आने वाली चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, था। इस भ्रमण में छात्रों ने सबसे पहले एक जल संचयन प्रणाली का दौरा किया। इसके लिए एक तालाब बनाया गया था और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों से बारिश के मौसम में पानी इकठा करने के लिए पाइप की मदद से जोड़ा गया था। उसके बाद वर्मी कम्पोस्ट प्लांट का दौरा किया।

'रिवाईज्ड अकर्डशेन फ्रेमवर्क ऑफ नेक क्वालिटी एनहासमेंट प्रेक्टिसेस इन हायर एज्यूकेशन्स' पर राष्ट्रीय वेबिनार

जयपुर। कॉलेज में यूजीसी परामर्श स्कीम एवं आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 21 अक्टूबर-2020 को 'रिवाईज्ड अकर्डशेन फ्रेमवर्क ऑफ नेक क्वालिटी एनहासमेंट प्रेक्टिसेस इन हायर एज्यूकेशन्स' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय वेबिनार में नेपाल, फिलिपिन्स, कंबोडिया, बांग्लादेश सहित देश-विदेश के विभिन्न कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षाविद् सहित 2100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। संस्था प्रधान एवं ब्रांड एम्बेसडर, यूजीसी परामर्श स्कीम (राजस्थान) प्रो. के.बी. शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बेविनार का उदेश्य नेक का मूल्यांकन एवं पुनमूल्यांकन किस तरीके से किया जाना चाहिए था। बेविनार के मुख्य वक्ता यूजीसी समिति एवं नेक पीअर टीम के सदस्य डॉ. एन.एस. धर्माधिकारी थे। उन्होंने प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों को नेक का मूल्यांकन एवं पुर्नमूल्यांकन किस प्रकार से किया जाना चाहिए एवं समय-समय पर किन-किन बातों का एस.एस.आर. रिपोर्ट बनाते समय ध्यान रखना चाहिए तथा क्वालिटी एवं तकनीक का सही इस्तेमाल करके इसे कैसे प्रस्तुत किया जाना चाहिए, के बारे में बताया गया। वर्तमान कोविड-19 के दौर के पश्चात किस प्रकार से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन आने वाले हैं। अतः समय-समय पर इसकी गुणवत्ता में सुधार किया जाना चाहिए। अन्त में वेबिनार संयोजक डॉ. राजेश कुमार यादव (डीन, एकेडमिक) ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

ऑनलाइन अन्तरराष्ट्रीय संकाय उन्नयन कार्यक्रम आयोजित

जयपुर। महाविद्यालय में 15-19 फरवरी 2021 तक ऑनलाइन अन्तरराष्ट्रीय संकाय उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'Recent Advancement in Chemical Sciences and Environmental Engineering' विषय पर आयोजित एफ.डी.पी. में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय में एक ज्वलंत मुद्दा बन चुके हैं। इनके संरक्षण के लिये अनुसंधान तथा इस विषय से संबंधित नवीनतम जानकारी आज की आवश्यकता है। इसी के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय में इस संकाय उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिससे इस क्षेत्र से जुड़े समस्त विषय-विशेषज्ञों के बीच चिन्तन-मन्थन हो सके एवं नवीन शोध कार्यों को प्रारम्भ किया जा सके। इस कार्यक्रम में 600 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन भागीदारी की।

मुख्य वक्ता प्रो. संजय माथुर, कॉलोन विश्वविद्यालय, जर्मनी ने ऊर्जा और स्वास्थ्य अनुप्रयोगों के कार्यात्मक नैनो स्ट्रक्चर पर चर्चा की। प्रो. अमित्वा दास, आई.आई.एस.ई.आर., कोलकाता ने उत्तेजक उत्तरदायी अणु आणविक संगठन पर चर्चा की। डॉ. अंकुर जैन, सह-आचार्य, हिरोशिमा विश्वविद्यालय, जापान ने 'हाइड्रोजन ऊर्जा-भावी पीढ़ी के ऊर्जावाहक का एक सपना' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डॉ. आशा जैन, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, डॉ. मनीष वशिष्ठ, सह-आचार्य, एम.एन.आई.टी., जयपुर, प्रो. विमलचन्द्र श्रीवास्तव, आई.आई.टी. रूडकी आदि विषय-विषेशज्ञों ने विभिन्न तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों को अपने व्याख्यानों द्वारा लाभान्वित किया। कार्यक्रम के समापन में संयोजिका डॉ. शोभना शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया।

निवेशक जागरूकता ही है, आर्थिक सुरक्षा का रास्ता : सूर्यकांत शर्मा

जयपुर। एस.एस. जैन सुबोध स्नातकोत्तर (स्वायत्तशासी) महाविद्यालय तथा एसोसिएशन ऑफ म्युचअल फंड इन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 9 जनवरी-2021 को राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। 'वित्तीय जागरूकता के द्वारा वित्तीय सशक्तिकरण' शीर्षक पर आयोजित वेबिनार में देश-विदेश से 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने बताया कि वेबिनार में दुबई, नेपाल, फिलिपींस, ढाका से प्रतिभागी शामिल हुए। मुख्य वक्ता एसोसिएशन ऑफ म्युचअल फंड इन इण्डिया, उत्तरी क्षेत्र के मुख्य सलाहकार सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि वित्तीय जागरूकता आज के समय में एक समकालीन विषय है। वर्तमान समय में कोरोना महामारी हमारे सामने कई प्रश्न लेकर आया है। इस काल में अपने अस्तित्व को बचाने के साथ-साथ वित्तीय सशक्तिकरण भी एक महत्त्वपूर्ण सवाल है। आज के शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए वित्तीय नियोजन सीखना अपने आप में एक महत्त्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि वित्तीय जागरूकता सभी के लिए उपयोगी है और वित्तीय जागरूकता के द्वारा सभी अपना आर्थिक भविष्य सुरक्षित रख सकते हैं। वर्तमान समय में निवेश के परिदृश्य को प्रस्तुत किया गया। शर्मा ने म्यूचल फंड के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि साधारण निवेशकों की हर जरूरत के लिए म्यूचल फंड उपलब्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री योजना के विषय में भी जानकारी दी।

डॉ. अल्पना सक्सेना का स्कॉप्स जर्नल में शोध पत्र प्रकाशित

जयपुर। कॉलेज की उप प्राचार्या डॉ. अल्पना सक्सेना का रिसर्च पेपर स्कॉप्स जर्नल The Turkish online journal of Qualitative Inquiry में प्रकाशित हुआ है। उन्होंने National Education Policy-2020 Transformative Road map for Higher Education System विषय पर अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया था।

डॉ. नमिता चौहान का गेस्ट लेक्चर

जयपुर। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नमिता चौहान को जम्मू और कश्मीर में जीडीसी कलाकोट कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा 4 जुलाई-2021 को आयोजित गेस्ट लेक्चर के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने Learning English as a Second Language with a Special reference to Listening and Speaking Skills के कौशल के विशेष संदर्भ के साथ दूसरी भाषा के रूप में अंग्रेजी सीखने पर व्याख्यान दिया।

डॉ. तृप्ति के यू-ट्यूब पर एज्युकेशनल विडियो अपलोड

जयपुर। कॉलेज के बीबीए विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तृप्ति विजयवर्गीय ने एक एज्युकेशनल यू-ट्यूब चैनल शुरू किया है। Let's make the study easy and interesting-by Dr Tripti Vijaywargia नामक यू-ट्यूब चैनल पर लॉ, इंजिनियरिंग एवं मैनेजमेंट के अंग्रेजी व हिंदी भाषा में 200 से अधिक विडियो अपलोड किए हैं। उन्होंने कोविड-19 महामारी की विपरीत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्टूडेंटस को मोटिवेट करने के लिए मोटिवेशनल विडियो भी अपलोड किए हैं।

शशि शर्मा का शोध पत्र प्रकाशित

जयपुर। भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर शशि शर्मा का Scopus indexed and web of science जर्नल, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हाइड्रोजन एनर्जी' में शोधपत्र प्रकाशित हुआ है। इसका शीर्षक Iron based catalyst for improvement in sorption properties of KSiH3 है। इसी तरह शशि शर्मा ने यूजीसी-एचआरडीसी, राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा 7 सिंतबर-2020 से 6 अक्टूबर-2020 तक आयोजित प्रथम-फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम (ओरिएंटेशन) को सफलतापूर्वक पूरा किया। वहीं, शशि शर्मा ने 16 से 22 अक्टूबर-2020 तक यूजीसी-एचआरडीसी, डॉ. हरि सिंह गौड़ विश्वविद्यालय, सागर, मध्यप्रदेश की ओर से आयोजित शॉर्ट टर्म कोर्स पूरा किया। यह कोर्स-रिसर्च मैथेडोलॉजी फॉर साइंस विषय पर आधारित था।

डॉ. प्रीति गुप्ता को बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड

जयपुर। कॉलेज की डॉ. प्रीति गुप्ता (डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एड.) को उनके पेपर के लिए बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड मिला है। उन्होंने एसएस जैन सुबोध पीजी गर्ल्स कॉलेज, सांगानेर द्वारा 19-20 मार्च-2021 को आयोजित इंटरनेशनल वर्चुअल कॉन्फ्रेंस ऑन 'न्यू नॉर्मल इन इंडियाः डेवलपमेंट एंड डाइमेंशन' में 'Transitioning Towards a more Humane Society in a Post Covid World' विषय पर पेपर प्रेजेंट किया।

बोस की 125वीं जयंति पर कार्यक्रम

जयपुर। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाईयों की ओर से सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जयंति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी सुभाषचंद्र बोस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने युवा पीढ़ी को बोस द्वारा बताए गए राष्ट्रवादी विचार को अपनाने पर बल दिया। इस दौरान एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारियों ने भी संबोधित किया।

कार्यशाला में योग मुद्राओं के बारे में सिखाया

जयपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2021 के अवसर पर कॉलेज ने 14 से 21 जून तक एनएसएस, एनएसयूटी सेल के सहयोग से 7 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें आचार्य स्वाति झा ने प्रतिभागियों को कई योग मुद्राओं और सांस लेने के व्यायाम के बारे में सिखाया। कुल 5250 लोगों ने कार्यशाला में भागेदारी निभाई।

योग पर कार्यशाला में सम्मानः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2021 के उपलक्ष में 14-21 जून 2021 तक योग पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी में सुबोध कॉलेज को मिला द्वितीय स्थान

जयपुर। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, दिल्ली द्वारा रेड रिबन क्लब के संयोजन से राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन 12 जनवरी, 2021 को किया गया। इस प्रश्नोतरी कार्यक्रम का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान, नशा मुक्ति जैसे समसामयिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाना था। इसमें एस.एस. जैन सुबोध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयपुर व परिष्कार महाविद्यालय, जयपुर के प्रतिभागियों ने राजस्थान पश्चिमी टीम संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुबोध कॉलेज के छात्र देवेश जैन एवं परिष्कार महाविद्यालय के छात्र राजेन्द्र मीणा ने अपने ज्ञान एवं प्रतिभा का परिचय देते हुये राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन से वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से 75 हजार रुपए व प्रशिस्त पत्र प्राप्त किया।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की गतिविधियां

डॉ. मनिता भगतानी ने इंडक्शन प्रोग्राम किया पूर्ण

जयपुर। कॉलेज के गणित विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मनिता भगतानी ने प्रतिष्ठित टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से 'उच्च शिक्षा के विश्वविद्यालयों/ कॉलेजों/ संस्थानों में संकाय सदस्य' के लिए 4 सप्ताह का ओरिएंटेशन/इंडक्शन प्रोग्राम A+ ग्रेड से पूर्ण किया।

ओरियंटेशन प्रोग्राम में डॉ. सुप्रिया चौधरी की ए+ ग्रेड

जयपुर। एसएस जैन सुबोध कॉमर्स एंड आर्टस कॉलेज के इतिहास विभाग की व्याख्याता डॉ. सुप्रिया चौधरी ने चार सप्ताह का ओरिएंटेशन प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा किया। इसमें उन्होंने इसमें ए+ ग्रेड प्राप्त किया। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबंद्ध रामानुजन कॉलेज द्वारा एमएचआरडी, भारत सरकार के तत्वावधान में कॉलेज के टीचिंग लर्निंग सेंटर में आयोजित विश्वविद्यालयों, कॉलेजों व उच्च शिक्षा संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए यह कार्यक्रम हुआ।

डॉ. अजया ईशा डॉ. नीतू जैन डॉ. पूनम चौधरी

फैकल्टी इंडक्शन ली ट्रेनिंग

जयपुर। रामानुजन कॉलेज (NAAC से ग्रेड 'ए' मान्यता प्राप्त) के सहयोग से दिल्ली विश्वविद्यालय ने एक महीने का फैकल्टी इंडक्शन ट्रेनिंग/ओरिएंटेशन प्रोग्राम (16 अप्रैल से 15 मई-2021) आयोजित किया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग की डॉ. अजया ईशा, डॉ. नीतू जैन, डॉ. पूनम चौधरी ने यह फैकल्टी इंडक्शन ट्रेनिंग/ओरिएंटेशन प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा किया।

डॉ. मीनाक्षी कुमावत ने इंडक्शन प्रोग्राम किया पूर्ण

जयपुर। कॉलेज के एबीएसटी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी कुमावत ने प्रतिष्ठित टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से 'उच्च शिक्षा के विश्वविद्यालयों/ कॉलेजों/ संस्थानों में संकाय सदस्य' के लिए 4 सप्ताह का ओरिएंटेशन/इंडक्शन प्रोग्राम A+ ग्रेड से पूर्ण किया। यह प्रोग्राम 26 जून से 24 जुलाई-2020 तक आयोजित किया गया।

डॉ. रीनू चौहान के तीन पेपर प्रकाशित

जयपुर। कॉलेज के बॉटनी विभाग की व्याख्याता डॉ. रीनू चौहान के तीन पेपर अलग-अलग जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं। उनका पेपर Web of Science journal में Diversity of Gasteromycelis in Rajasthan, India-I 21 जून-2021 को प्रकाशित हुआ। UGC Care लिस्ट जर्नल में The genus Vowariella in Mount Abu, Rajasthan. India में 29 मार्च-2021 को प्रकाशित हुआ। इससे पहले इंटरनेशनल जर्नल में Taxonomic Study on some Agoricales in Rajasthan, India-New Reports 10 फरवरी-2021 को प्रकाशित हुआ है।

डॉ. अंशुल शर्मा की दो पुस्तकें प्रकाशित

जयपुर। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अंशुल शर्मा की दो पुस्तकों का प्रकाशन हुआ। उनकी पुस्तक 'प्रारंभ से धर्म सुधार तक' और 'भारतीय संस्कृति उद्वव विकास' विषय पर प्रकाशित हुई।

डॉ. मधुबाला के दो रिसर्च पेपर प्रकाशित

जयपुर। कॉलेज के राजनीति विभाग की व्याख्याता डॉ. मधुबाला के दो अलग-अलग रिसर्च पेपर यूजीसी के जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं। पहला रिसर्च पेपर 5 मई-2020 को Nibandha Mala-बिक्सटेक और भारतः संभावनाएं एवं चुनौतियां अंक 12 में तथा दूसरा- 'भारत-नेपाल सम्बंधः एनडीए सरकार के काल में' 6 जून-2021 को Alochana Chakra Journal, UGC care group-1 में छपा है।

शालिनी दीक्षित का शोध पत्र प्रकाशित

जयपुर। कॉलेज के भौतिकी विभाग की व्याख्याता शालिनी दीक्षित का शोध पत्र Materials Today: Proceedings जर्नल में Adsorption Characteristics of MWNTs via Intercalation of Nickel विषय पर जुलाई-2020 को प्रकाशित हुआ।

डॉ. मोनालिसा के दो चेप्टर प्रकाशित

जयपुर। वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोनालिसा कुलश्रेष्ठ द्वारा रचित कोविड-19 की प्रासंगिकता में भारतीय औषधीय पौधों की एंटीवायरल प्रॉपर्टी चेप्टर कोविड-19 के विविध प्रभाव पुस्तक में प्रकाशित हुआ है। इसी तरह डॉ. मोनालिसा का मशरूम की खेती में कीट और कीट के रोग प्रबंधन चेप्टर मशरुम कल्टीवेशन टेक्नोलॉजी प्रगति और इसके अनुप्रयोग पुस्तक में प्रकाशित हुआ है।

अमित माथुर ने की पीएचडी

जयपुर। कॉलेज के गणित विभाग के व्याख्याता अमित माथुर ने अप्रेल-2021 में मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर से Investigation of certain new aspect of generalized differ integral operator of arbitrary order and their applications विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

चीफ एडवाइजर : प्रो. के.बी. शर्मा

एडिटर : डॉ. पद्मा पण्डेल

असिस्टेंट एडिटर : आयुषी जैन

स्टूडेंट एडिटोरियल बोर्ड : अभय जैन, अंशुल गोयल, आदित्य सिंह, गुंजन टाकड़ा, नीतिश कुमार, रेनु कंवर राठौड़, पुष्पेंद्र दाधीच